भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3031
13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या में वृद्धि

3031. श्री योगेन्द्र चांदोलिया:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार सरकारी अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या में वृद्धि करने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): 'जन स्वास्थ्य' और 'अस्पताल' राज्य के विषय होने के नाते मुख्य रूप से राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र अपने राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र में सरकारी अस्पतालों की बिस्तर क्षमता सहित विभिन्न रोगी परिचर्या सुविधाओं को बढ़ाने के लिए पहल करते हैं। केंद्र सरकार भी प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना (एनएचएम) और प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के लिए राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान करती है।

जहां तक केंद्र सरकार के अस्पतालों का संबंध है, संचालन की अपेक्षा और रोगी भार के आधार पर सरकार द्वारा समय-समय पर बिस्तर क्षमता बढ़ाने सहित पुनर्विकास और विभिन्न उन्नयन कार्य किए जाते हैं। ऐसी ही एक जारी परियोजना में डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में एक सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक स्थापित करने की है जिसके निकट भविष्य में निर्माण कार्य पूरा होने पर मौजूदा बिस्तर क्षमता 1532 से बढ़कर 2198 बिस्तरों की हो जाएगी।

******